
तथ्य पत्रक

# अस्थायी वीज़ा कार्यक्रम (टेम्परेरी वीज़ा प्रोग्राम) के माध्यम से सहायता प्राप्त करना



## अस्थायी वीज़ा कार्यक्रम क्या है?

अस्थायी वीज़ा कार्यक्रम (TVP) उन महिलाओं की सहायता करता है जो ऑस्ट्रेलिया में अस्थायी वीज़ा पर रह रही हैं और घरेलू हिंसा का सामना कर रही हैं।

महिलाओं के लिए कानूनी सेवा क्वींसलैंड (Women's Legal Service Queensland) TVP के माध्यम से कानूनी एवं सामाजिक सहायता प्रदान कर सकती है। उदाहरण के लिए, हम आपको पारिवारिक कानून, घरेलू हिंसा और प्रवासन (माइग्रेशन) संबंधी कानून के मामलों में सहायता प्रदान कर सकते हैं।

## घरेलू हिंसा क्या होती है?

यदि आपका कोई करीबी व्यक्ति आपको चोट पहुँचाता है या चोट पहुँचाने की धमकी देता है, तो यह घरेलू हिंसा है। यह व्यक्ति निम्नलिखित में से कोई हो सकता है:

- आपका जीवनसाथी या पूर्व-जीवनसाथी
- परिवार का कोई सदस्य
- कोई अवैतनिक देखभालकर्ता, जो आपके परिवार का सदस्य या मित्र भी है।

आस्ट्रेलियाई राज्यों और टेरिटरीज में घरेलू हिंसा की अलग-अलग कानूनी परिभाषाएँ हैं। *प्रवासन विनियमों (Migration Regulations)* के तहत घरेलू हिंसा में निम्नलिखित मामले शामिल होते हैं, यदि आपका कोई करीबी व्यक्ति:

- आपको, आपके परिवार को, आपके जीवनसाथी या पूर्व-जीवनसाथी के परिवार को चोट पहुँचाता है या धमकी देता है
- आपकी चीज़ों को नुकसान पहुँचाने की धमकी देता है
- आपको चिंतित या असुरक्षित महसूस कराता है।

*प्रवासन विनियम* पूरे ऑस्ट्रेलिया में लागू होते हैं।

आप हमारे **घरेलू हिंसा संबंधी तथ्य पत्रक** से इस बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकती हैं।

# घरेलू हिंसा के कारण अपने प्रायोजक (स्पांसर) से अलग होना

यदि आप घरेलू हिंसा के कारण अपने प्रायोजक (स्पांसर) से अलग हुई हैं, तो आप स्थायी निवास (परमानेंट रेज़ीडेंसी) के लिए आवेदन कर सकती हैं। इसका अर्थ यह है कि यदि आपके आवेदन को स्वीकृति दी जाती है तो आप ऑस्ट्रेलिया में स्थायी रूप से रह सकती हैं।
आप प्रवासन विनियमों में पारिवारिक हिंसा नियमों के तहत आवेदन कर सकती हैं। ये नियम ऑस्ट्रेलिया में हर जगह लागू होते हैं।
आप आवेदन कर सकती हैं यदि आप:

- अलग होने से पहले तक वास्तविक और 'निरंतर चल रहे' रिश्ते में थी
- अस्थायी पार्टनर वीज़ा धारक हैं या आपने स्थायी पार्टनर वीज़ा के लिए आवेदन किया हुआ है।

आपको कानूनी सलाह लेनी चाहिए क्योंकि इससे आपकी वीज़ा स्थिति प्रभावित हो सकती है और इसके लिए कुछ समय-सीमाएँ हैं जिनका पालन आपको करना होगा।

**DVO के लिए आवेदन करना**

आप स्वयं की और अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए घरेलू हिंसा आदेश (DVO) के लिए भी आवेदन कर सकती हैं। घरेलू हिंसा आदेश (DVO) कानूनी आदेश है जिसे मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा जारी किया जा सकता है। जिस व्यक्ति से आप सुरक्षा चाहती हैं, यह उन्हें बताता है कि उन्हें कुछ निश्चित प्रकार के काम करने या निश्चित तरीके से पेश आने की अनुमति नहीं है। घरेलू हिंसा आदेश (DVO) के लिए आवेदन करने से आपकी वीज़ा स्थिति प्रभावित हो सकती है।  घरेलू हिंसा आदेश (DVO) के लिए आवेदन करने से पहले आपको कानूनी सलाह लेनी चाहिए।

# अपने पूर्व-प्रायोजक (एक्स-स्पांसर) से आपके बच्चे होने की स्थिति में

यदि आप पार्टनर वीज़ा पाथवे पर हैं और पूर्व-प्रायोजक से आपके बच्चे हैं तो आप स्थायी पार्टनर वीज़ा के लिए आवेदन कर सकती हैं।
आप निम्नलिखित मामलों में आवेदन कर सकती हैं यदि:

- आपका पूर्व-प्रायोजक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक है
- आप घरेलू या पारिवारिक हिंसा के कारण अलग हुई हैं
- आपने पार्टनर वीज़ा के लिए आवेदन किया हुआ है
- आप अस्थायी पार्टनर वीज़ा धारक हैं
- अपने बच्चों की देखभाल के लिए आपने अपने पूर्व-प्रायोजक के साथ कोई साझा पेरेंटिंग (पालन-पोषण) व्यवस्था स्थापित की हुई है।

आपको अपने विकल्पों के बारे में यथाशीघ्र कानूनी सलाह लेनी चाहिए।

**पेरेंटिंग व्यवस्था क्या होती है?**

पेरेंटिंग व्यवस्था एक ऐसी योजना होती है जिसमें यह स्थापित किया जाता है कि आपके अलग होने के बाद आपके बच्चों की देखभाल आपके और आपके पूर्व-प्रायोजक द्वारा कैसे की जाएगी।
आप हमारे **अलग होने के बाद पेरेंटिंग व्यवस्था संबंधी तथ्य पत्रक** से इस बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकती हैं।

## यदि आप आवेदन करने की शर्तों को पूरा नहीं करती हैं

हम आपको ऐसे मामले में सलाह प्रदान कर सकते हैं जहाँ आपने घरेलू हिंसा का सामना तो किया है, लेकिन पारिवारिक हिंसा नियमों के तहत स्थायी निवास के लिए आवेदन करने की शर्तों को पूरा नहीं करती हैं।
हम आपको अन्य विकल्पों के बारे में सलाह प्रदान कर सकते हैं, जिसमें निम्नलिखित के लिए आवेदन करना भी शामिल है:

- पेरेंट वीज़ा या सुरक्षा (प्रोटेक्शन) वीज़ा
- अप्रवासन मंत्री को शामिल किया जाना।

हम आपको रिफ्यूजी एवं अप्रवासन कानूनी सेवा (Refugee and Immigration Legal Service) (RAILS) से विशेषज्ञ सलाह और सहायता प्राप्त करने के लिए रेफरल भी प्रदान कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आपको केवल अप्रवासन संबंधी मुद्दों के लिए ही कानूनी सहायता की आवश्यकता हो तो। RAILS द्वारा रिफ्यूजियों, शरण की इच्छा रखने वालों (असाइल्म सीकर्स) और प्रवासियों के लिए निशुल्क अप्रवासन कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। वे आपको नौकरी के माध्यम से वीज़ा प्राप्त करने की सलाह लेने के लिए रेफर प्रदान कर सकते हैं।

यदि आप केवल निम्नलिखित मामलों के लिए ही कानूनी सहायता चाहती हैं, तो हमारी अन्य टीमों द्वारा भी आपको सहायता प्रदान की जा सकती है:

- पारिवारिक कानून
- घरेलू हिंसा कानून।

आपको अपने विकल्पों के बारे में यथाशीघ्र कानूनी सलाह लेनी चाहिए।

## केस अध्ययन: लिंडा को TVP के माध्यम से सहायता कैसे मिली

नोट: हमने इस केस अध्ययन में शामिल लोगों की जानकारी को निजी और गोपनीय रखने के उद्देश्य से उनकी व्यक्तिगत जानकारी को बदल दिया है।

लिंडा अस्थायी स्टूडेंट वीज़ा पर ऑस्ट्रेलिया आई थी।

ऑस्ट्रेलिया में रहते हुए, लिंडा ने ऑस्ट्रेलियाई नागरिक स्टीव को डेट करना शुरू किया। स्टीव ने लिंडा के पार्टनर वीज़ा के लिए उसे स्पांसर किया।

कुछ वर्षों के बाद लिंडा और स्टीव के बच्चे का जन्म हुआ।

अपने बच्चे के जन्म के कुछ वर्षों के बाद, लिंडा अपनी और अपने बच्चे की सुरक्षा के डर से स्टीव से अलग होना चाहती थी।

## लिंडा द्वारा अनुभव की गई घरेलू और पारिवारिक हिंसा

स्टीव ने लिंडा को मित्र बनाने, विदेश में रहने वाले अपने परिवार से बात करने या काम करने नहीं दिया। उसने परिवार के धन पर भी नियंत्रण रखा।

उसने उसे निम्नलिखित के लिए धमकी भी दी:

- कई बार शारीरिक रूप से चोट पहुँचाना
- दिन में काम पर जाते समय घर में बंद कर देना।

## जब लिंडा ने अलग होने के लिए कहा

जब लिंडा ने स्टीव से यह कहा कि वह अलग होना चाहती है, तो उसने उसका पासपोर्ट ले लिया और उसे देश से निकालने और उनके बच्चे को उससे छीन लेने की धमकी दी।

पड़ोसियों ने उनकी इस बहस को सुना और पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने लिंडा को स्थानीय घरेलू हिंसा सेवा से मिलवाया। उन्होंने लिंडा के लिए दुभाषिया मँगवाया और सुरक्षा योजना बनाने में उसकी मदद की।

सुरक्षा योजना एक ऐसी योजना होती है जो आपको किसी रिश्ते में या रिश्ता छोड़ते समय सुरक्षित रखती है। घरेलू हिंसा सेवा ने लिंडा को कानूनी सलाह प्राप्त करने के लिए TVP को रेफर किया।

स्टीव ने पेरेंटिंग आदेश के लिए अदालत में दस्तावेज़ जमा किए। आपके बच्चे की देखभाल की पेरेंटिंग व्यवस्था चुनने के लिए अदालत द्वारा पेरेंटिंग आदेश जारी किया जाता है।

आप हमारे **आपके बच्चों के लिए पेरेंटिंग आदेश जारी करते समय न्यायालय द्वारा विचार की जाने वाली चीज़ों संबंधी तथ्य पत्रक** से इस बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकती हैं।

## हमने लिंडा को TVP के माध्यम से कैसे सहायता प्रदान की

हमने निम्नलिखित चरणों का पालन करते हुए लिंडा को सहायता प्रदान की।

1. हमने गृह मामलों के विभाग (DHA) को लिंडा के रिश्ते की समाप्ति के बारे में बताया।
2. हमने DHA को लिंडा और स्टीव के वास्तविक रिश्ते और उनके बच्चे के बारे में प्रमाण प्रदान किया।
3. हमने DVO के लिए आवेदन करने में लिंडा को सहायता प्रदान की। हमने लिंडा को DHA को घरेलू और पारिवारिक हिंसा के अपने अनुभव के बारे में प्रमाण देने में भी सहायता की। इससे DHA को यह समझने में मदद मिली कि लिंडा को जल्दी से स्थायी निवास दिए जाने की ज़रूरत है।
4. हमने अदालत से पेरेंटिंग आदेश प्राप्त करने में लिंडा की सहायता की।

# आपके लिए उपलब्ध सहायता

यदि आप या आपका कोई जानकार व्यक्ति तत्काल खतरे में है, तो 000 पर कॉल करें।

आप TVP टीम से सहायता प्राप्त करने के लिए हमसे संपर्क कर सकती हैं। 1800 957 957 पर कॉल करें।

## सामाजिक सहायता

### DV Connect

सहायता के लिए आप DV connect से संपर्क कर सकती हैं। 1800 811 811 पर कॉल करें।

### रेड क्रॉस (Red Cross)

सहायता के लिए आप Red Cross से संपर्क कर सकती हैं। 1800 733 276 पर कॉल करें।

### आप्रवासी महिलाओं के लिए सहायता सेवाएँ (Immigrant Women's Support Services)

सहायता के लिए आप Immigrant Women's Support Services से संपर्क कर सकती हैं।
(07) 3846 3490 पर कॉल करें।

## कानूनी सहायता

### रिफ्यूजी एवं आप्रवासी कानूनी सेवाएँ (Refugee and Immigration Legal Services) (RAILS)

सहायता के लिए आप RAILS से संपर्क कर सकती हैं। (07) 3846 9300 पर कॉल करें।

### कम्युनिटी कानूनी केंद्र क्वींसलैंड (Community Legal Centres Queensland)

स्थानीय कम्युनिटी कानूनी केंद्रों के बारे में जानने के लिए आप Community Legal Centres Queensland से संपर्क कर सकती हैं। (07) 3392 0092 पर कॉल करें।

### लीगल एड क्वींसलैंड (Legal Aid Queensland)

सहायता के लिए आप Legal Aid Queensland से संपर्क कर सकती हैं। 1300 65 11 88 पर कॉल करें।

इस तथ्यपत्रक में केवल सामान्य जानकारी शामिल है और यह किसी भी प्रकार की कानूनी सलाह का विकल्प नहीं है।